# ल्यूकेमिया के उपचार हेतु मेडिसिन पेटेंट पूल के साथ समझौता

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र **समर्थित समूह मेडिसिन पेटेंट पूल (MPP) ने कैंसर की कुछ दवाओं** को रोगियों हेतु अधिक सुलभ और सस्ता बनाने के लिये तीन भारत-आधारित कंपनियों के साथ उप-लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किये।

- ये समझौते कई देशों में **नोवार्टिस की कैंसर उपचार दवा निलोटिनिब के जेनेरिक संस्करणों के उत्पादन की अनुमति देते हैं,** जिसका उपयोग मुख्य रूप से क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया (CML) हेतु किया जाता है।
- इस लाइसेंस में **भारत, सात मध्यम-आय वाले देशों और 44 क्षेत्रों** को शामिल किया गया है, जो स्थानीय नियामक प्राधिकरण के तहत निलोटिनिब के जेनेरिक संस्करणों की आपूर्ति की अनुमति देता है।

## मेडिसिन पेटेंट पूल:

- MPP एक संयुक्त राष्ट्र **समर्थित सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठन** है, जो कम और मध्यम आय वाले देशों (LMIC) के लिये जीवन-रक्षक **दवाओं के विकास को बढ़ावा देने** तथा सुविधा प्रदान करने हेतु काम कर रहा है।
- इसकी स्थापना जुलाई 2010 में जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में की गईथी।
- MPP सिविल सोसाइटी, सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, उद्योग, रोगी समूहों और अन्य हितधारकों के साथ साझेदारी सुनिश्चित करता है, ताकि **जेनेरिक निर्माण और नए फॉर्मूलेशन के विकास को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक दवाओं को प्राथमिकता** तथा लाइसेंस दिया जा सके एवं **बौद्धिक संपदा** अधिकार हासिल किया जा सके।
- अब तक MPP ने **तेरह** ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV) **एंटी-रेट्रोवायरल,** एक HIV प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म, तीन हेपेटाइटिस सी डाइरेक्ट-एक्टिंग एंटीवायरल, **एक** तपेदिक **उपचार**, एक लंबे समय तक काम करने वाली तकनीक, **कोविड-19** के लिये दो एक्सपेरीमेंटल ओरल एंटीवायरल उपचार और एक कोविड-19 सीरोलॉजिकल एंटीबॉडी तकनीक के लिये **बारह पेटेंट धारकों के साथ समझौते** पर हस्ताक्षर किये हैं।

## क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया (CML):

- **परिचय:**
  - यह **ल्यूकेमिया** के प्रकारों में से एक है जो एक **रक्त-कोशिका कैंसर** है जो **अस्थि मज्जा (Bone Marrow) और रक्त** को प्रभावित करता है। अन्य प्रकार हैं,
    - एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (ALL)
    - एक्यूट माइलॉयड ल्यूकेमिया (AML)
    - क्रोनिक लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (CLL)
  - **असामान्य श्वेत रक्त कोशिकाओं, जिन्हें माइलॉयड कोशिकाएँ कहा जाता है, की अनियंत्रित वृद्धि** इसकी प्रमुख विशेषता है।
  - आमतौर पर CML धीरे-धीरे बढ़ता है और इसका **निदान अक्सर क्रॉनिक चरण के दौरान किया** जाता है।
- **नैदानिक परीक्षण:**
  - CML का निदान आमतौर पर **रक्त और अस्थि मज्जा परीक्षण** के माध्यम से किया जाता है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/medicines-patent-pool-agreement-for-leukaemia